Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Pateriya Smt. Neeta

an>

Title : Need to check fake advertisements inviting applications for employment with a view to prevent exploitation of unemployed youth in the Country.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, देश में पहले से ही इतनी बेरोजगारी है। इस बेरोजगारी में बेरोजगार युवकों और युवतियां के साथ हो रही ठगी से बेरोजगार युवक और युवतियां काफी परेशान हैं। इस देश में रोजगार देने हेतु फर्जी प्राइवेट कम्पनियों के नाम से अखबारों में विज्ञापन छपवाकर बेरोजगार युवक और यु वतियों को लूटा जा रहा है। कइ कम्पनियां तो अपने आपको शासकीय उपक्रम बताकर लूट रही है। बेरोजगार यु वक और युवतियां विज्ञापन के माध्यम से आवेदन पत्र एवं बैंक ड्राफ्ट जमा करते हैं। फिर वे दलालों के चक्कर में नौकरी हेतु हजारों लाखों रूपये दे बैठते हैं। फिर कुछ दिनों बाद पता चलता है ऐसी कोइ कंपनी नहीं है या रातोंरात वह दलाल गायब हो जाते हैं। इसलिए ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर सरकार रोक लगायें। विज्ञापन के प्रसारित होने के पूर्व उसकी छानबीन कर एवं शासकीय स्वीकृति लेकर छापा जाये ताकि बेरोजगार युवक लूटे न जा सकें। ऐसी ठगी की घटनायें कई वार्ों से होती चली आ रही हैं। अतः ऐसे फर्जी विज्ञापन पर रोक लगाना चाहिये।

(iv) Need to declare Minimum Support Price of paddy at

Rs. 1000 per quintal for the benefit of farmers in

Gondia district, Vidarbh, Maharashtra